**खनिज भंडार**

2398. **श्री राम अवधेश सिंह** : क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अब तक प्राप्त जानकारी आधार पर देश में कोयला सहित उपलब्ध खनिजों और उनके सुरक्षित भंडारों तथा प्रत्येक वर्ष निकाली जा रही इनकी मात्रा और अगली योजना अवधि के दौरान इनका खनन किये जाने के लिये निर्धारित किये गये लक्ष्य का ब्यौरा क्या है ;

(ख) सरकारी क्षेत्र में और गैर-सरकारी क्षेत्र में निकाले गये खनिजों की अलग-अलग मात्रा सहित उनका ब्यौरा क्या है ;

(ग) किन-किन खनिजों की कितनी कितनी मात्रा टिस्को को पट्टे पर दी गयी

(घ) क्या बोकारो, दुर्गापुर, राउरकेला और भिलाई इस्पात संयंत्रों को लौह अयस्क का पट्टा अलग-अलग दिया जाता है ;

(ङ) यदि भाग (घ) का उत्तर "ना" में है तो उनकी आवश्यकता की किस प्रकार पूर्ति की जाती है ;

(च) क्या लौह अयस्क तथा अन्य खनिजों जैसे चूना-पत्थर, डोलोमाइट, क्रोमाइट आदि के संबंध में भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड और "टिस्को" द्वारा राज्यों को दी जाने वाली रायल्टी में कोई अन्तर हैं ; और

(छ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

**खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव)** : (क) से (छ) जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

**Hindustan Copper Limited**

2399. SHRI DHULESHWAR MEENA: Will the Minister of MINES be pleased to state:

(a) whether it is a fact that accounting irregularities have been detected in the Hindustan Copper Limited, which have also a direct effect on the consumers;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) whether any probe had been ordered into these irregularities; and if so, the outcome thereof and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF MINES (SHRI BALRAM SINGH YADAV): (a) No, Sir.

(b) and (c) Do not arise.

**स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड (सेल) द्वारा नैप्थलीन का उत्पादन**

2400. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी** : क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) "सेल" के संयंत्रों द्वारा इस समय कितनी नैप्थलीन का उत्पादन किया जा रहा है और गत तीन वर्षों के दौरान संयंत्र वार कितना-कितना उत्पादन किया गया ;

(ख) व्यापारिक कम्पनियों सहित किन-किन कम्पनियों को नैप्थलीन का कोटा दिया जा रहा है और उनको कितना नैप्थलीन आवंटित किया गया; और

(ग) गत तीन वर्षों से अधिक अवधि से किन-किन कम्पनियों को नियमित रूप से कोटा दिया जा रहा है और ऐसी प्रत्येक कम्पनी को कितनी-कितनी मात्रा में नैप्थलीन दिया जा रहा है ?

**इस्पात मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री संतोष मोहन देव)** : (क) पिछले तीन वर्षों और अप्रैल-नवम्बर, 91 के दौरान नैप्थलीन का संयंत्र वार उत्पादन नीचे दर्शाया गया है :-